भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1881
दिनांक 30 जुलाई, 2026

पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी के खुदरा ईंधन मूल्य

†1881. **डॉ. राज कुमार चब्बेवालः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान औसत अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्य और पेट्रोल, डीजल तथा घरेलू एलपीजी के तत्संबद्ध औसत खुदरा मूल्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए क्या नीति अपनाई जाती है;

(ग) क्या सरकार ने घरेलू व्यय और मुद्रास्फीति पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के उच्च मूल्यों के प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने हाल के महीनों में अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्य में आई भारी गिरावट के संबंध में संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के खुदरा मूल्यों में कटौती कर अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के कम मूल्य का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ङ) देश में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार-निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं।

पश्चिम एशिया संकट से पहले, कच्चे तेल का मूल्य (भारतीय बास्केट) 69 अमेरीकी डॉलर/बैरल (फरवरी 2026) था और मार्च 2026 के दौरान 136.68 अमेरीकी डॉलर/बैरल तक बढ़ गया और विभिन्न भू-राजनीतिक और बाजार कारकों के कारण निरंतर उतार-चढ़ाव जारी है। 23 जुलाई 2026 तक भी कच्चे तेल का मूल्य 103.33 अमेरीकी डॉलर/बैरल था। पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर भारी नुकसान होने के बावजूद, पीएसयू ओएमसी द्वारा उनके मूल्यों में मामूली वृद्धि की गई। पेट्रोल और डीजल का वर्तमान आरएसपी क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर (दिल्ली मूल्य) है।

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को इसके प्रभाव से बचाने के लिए, मार्च 2026 में, सरकार ने पेट्रोल और डीजल प्रत्येक पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की, लेकिन इस के साथ ही इसके कर राजस्व में भारी कमी आई।

देश में एलपीजी के मूल्य सऊदी सीपी से जुड़े हुए हैं, जो एलपीजी की कीमतों के लिए अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क है। सरकार उपभोक्ता के लिए घरेलू एलपीजी के प्रभावी मूल्य को घटाती बढ़ाती रहती है।

पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत के साथ, औसत सऊदी सीपी अप्रैल और मई 2026 में 780 अमेरीकी डॉलर/एमटी तक बढ़ गया। जून 2026 में, जैसे ही सऊदी सीपी 796 अमेरीकी डॉलर/एमटी

(प्रीमियम को छोड़कर) तक बढ़ गया, 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर का बाजार निर्धारित मूल्य (एमडीपी) 1,695 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर हो गया।

जून 2026 में 14.2 कि.ग्रा. प्रति सिलिंडर पर 700 रुपए से अधिक की निहित राजसहायता (अल्प वसूली) के साथ घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य 942 रुपए प्रति 14.2 कि.ग्रा. पर स्थिर बना रहा। जुलाई 2026 में भी, प्रत्येक 14.2 किलोग्राम घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर निहित राजसहायता 500 रुपए से अधिक है। 10.5 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए, 500 रुपए से अधिक की निहित राजसहायता के अतिरिक्त, 300 रुपए की लक्षित राजसहायता के बाद प्रभावी मूल्य केवल 642 रुपए प्रति सिलेंडर (दिल्ली) है।

सरकार देश में परिवारों को किफायती दरों पर घरेलू एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, जिसके लिए सरकार ने ओएमसी को वित्त वर्ष 2022-23 में 22,000 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 30,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दे रही है। इस मुआवजे के भुगतान के बाद भी, घरेलू एलपीजी पर पीएसयू ओएमसी की संचित अल्प वसूली 30 जून 2026 तक 51000 करोड़ रुपये से अधिक थी।

पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में वृद्धि/कमी का घरेलू मुद्रास्फीति पर प्रभाव थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में उनके भारांक के माध्यम से आंका जा सकता है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का डब्ल्यूपीआई सूचकांक भारांक क्रमशः 1.73%, 4.03% और 0.44% है।

2022-23 से दिल्ली में भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की वार्षिक औसत मूल्य और पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी के खुदरा ईंधन मूल्य' के संबंध में डॉ. राज कुमार चब्बेवाल द्वारा दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1881 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिल्ली में इंडियन बास्केट कच्चे तेल की वार्षिक औसत कीमतें और पेट्रोल, डीज़ल और घरेलू एलपीजी की आरएसपी

वित्तीय वर्ष	कच्चे तेल की औसत भारतीय बास्केट ($/बीबीएल)	पेट्रोल का औसत आरएसपी (रुपये/ लीटर)	डीजल का औसत आरएसपी (रुपये/ लीटर)	घरेलू एलपीजी का औसत आरएसपी (रु ./ 14.2 किलोग्राम सिलेंडर)
2022-23	93.15	97.90	90.58	1038.70
2023-24	82.58	96.63	89.53	979.23
2024-25	78.56	94.74	87.64	803.00
2025-26	70.99	94.77	87.67	856.15
2026-27 (22 जुलाई 2026 तक)	95.73	98.93	91.93	926.07

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)